# फर्द अहकाम
## कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री छगनलाल चन्देल निवासी अम्बिका चौक, जल चक्की, कॉकरोली, जिला राजसमन्द
**– अपीलार्थी**

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द
**– प्रत्यर्थी**

**किस्म मुकदमा**– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 39/2021**

| कमांक | कार्यवाहिक विवरण | हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई |
|---|---|---|

**दिनांक 26.08.2021**

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः RTI/21/325 दिनांक 04.08.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी श्री छगनलाल चन्देल निवासी अम्बिका चौक, जल चक्की, कॉकरोली, तह0 व जिला राजसमन्द ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्र में चाही गई सूचना भू0 अ0 शाखा कार्यालय हाजा से प्राप्त होकर प्रार्थी को चाही गयी सूचना के संबंध में कार्यालय के पत्रांक 315 दिनांक 03.08.21 से वांछित सूचना प्रार्थी द्वारा प्राप्त कर ली गई हैं।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार,राजसमन्द की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना जरिये पत्रांक 315 दिनांक 03.08.21 से प्रार्थी द्वारा प्राप्त कर लिये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द को भिजवायी जावे।

**पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।**

**लोक सूचना अपीलीय अधिकारी**
**(जिला कलक्टर)राजसमन्द**

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)